तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 4 जून 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 वर्क प्लान बना कर लंबित राजस्व प्रकरणों का...



12 चना फसल को लेकर अंचल के किसानों के चेहरे खिले...



## खबर संक्षेप

### कन्या महाविद्यालय में आज से सेमेस्टर परीक्षा

**धमतरी।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा आयोजित सेमेस्टर परीक्षा शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में 4 जून से प्रारंभ हो रही है। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली में परीक्षा प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर एवं बी.एस.सी., बी.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक होगी।

### कोसरिया यादव समाज की बैठक 7 को

**धमतरी।** जिला कोसरिया यादव समाज की बैठक 7 जून शनिवार को सामाजिक भवन आमातालाब धमतरी में दोपहर 1 बजे रखी गई है। बैठक में समाजजनों से उपस्थिति की अपील जिलाध्यक्ष जोहनसिंह यादव एवं जिला सचिव रामेश्वर यादव ने की है।

### सामूहिक उपनयन संस्कार 8 जून को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद द्वारा सामूहिक उपनयन जनेऊ संस्कार 8 जून रविवार को विप्र परिषद भवन महिमा सागर वार्ड में आयोजित किया गया है। प्रति बटुक 3100 रूपए शुल्क है। उपनयन के लिए पूजन सामग्री परिषद द्वारा दी जाएगी। पंजीयन गणेश मंदिर मठ मंदिर में पंडित होमन प्रसाद शास्त्री के पास किया जा रहा है। पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जून है। बटुकों की बारात के लिए पीला कुर्ता, धोती, मौर मुकुट, खड़ाऊ की व्यवस्था परिजनों को करनी होगी।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांवखुर्द निवासी श्रवण कोर्राम पिता शिशुपाल उम्र 36 वर्ष मंगलवार की रात्रि ठीक नहीं लगने की बात परिजनों को बताई। उसके बाद रात्रि में परिजन युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम के दौरान युवक के जहर सेवन करने का पता चला है।

### मवेशी से टकराकर बाइक चालक की मौत

**धमतरी।** काम करके वापस घर लौट रहे युवक की बाइक मवेशी से टकरा गई। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम करेठा निवासी भूषण सिन्हा पिता कोमल उम्र 34 वर्ष हिन्दूजा फाइनेंस में काम करता था। युवक सोमवार की रात्रि काम करके बाइक से सिहावा चौक से होते हुए अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान अधारी नवागांव मोड़ के पास रास्ते में अचानक आ गए मवेशी से उसकी बाइक टकरा गई। इस घटना में युवक बाइक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती कर घायल का उपचार किया जा रहा था। हादसे में गंभीर चोट लगने के कारण मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



■ अधारी नवागांव मोड़ के पास हुई घटना

छह बार फिंगर प्रिंट देने की समस्या, धीमी प्रक्रिया के चलते दिन भर करना पड़ता है इंतजार

# आसान नहीं है एक साथ तीन माह का चावल लेना

## सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री, खाद्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तीन माह का राशन बांटना विक्रताओं के लिए मुसीबत बन गया है। वहीं हितग्राहियों को भी घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। एक हितग्राही को राशन देने में आधा घंटा से अधिक का समय लग रहा है। हर हितग्राही को राशन लेने के लिए 6 बार फिंगर प्रिंट देना पड़ रहा है। नई पॉश मशीन में तो कई लोगों का फिंगर प्रिंट ही आधार से मैच नहीं हो रहा है। इस समस्या को लेकर सहकारी समिति महासंघ ने मुख्यमंत्री और खाद्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी प्रेषित किया है।

मंगलवार को बड़ी संख्या में सहकारी समिति के कर्मचारी और सेल्समेन कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और खाद्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर हितग्राहियों को तीन माह का चावल एक साथ वितरण किया जा रहा है। वितरण में काफी समस्याएं आ रही हैं। एक हितग्राही को राशन देने में आधा घंटा का वक्त लग रहा है।

सोमवार से चावल वितरण शुरू हो गया है। स्थिति यह है कि सुबह 10 बजे से देर शाम तक 20-25 लोगों को ही वे राशन दे पा रहे हैं। उधर राशन लेने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ रही है। लेतलतीफी के चलते उन्हें ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की है कि राशन वितरण प्रणाली को आसान करते हुए सिर्फ एक बार फिंगरप्रिंट लेने की व्यवस्था की जाए।

### इसलिए आ रही समस्या

राशन दुकानों में राज्य और केंद्र सरकार दोनों के लिए अलग-अलग फिंगरप्रिंट लेना पड़ता है। हर माह राशन देने के लिए हितग्राही से दो बार फिंगरप्रिंट लेना पड़ता है। ऐसे में तीन माह का वितरण करने के लिए हितग्राहियों से छह बार फिंगरप्रिंट लेना पड़ रहा है। इस प्रक्रिया के चलते राशन वितरण में काफी विलंब हो रहा है। राशन दुकान के विक्रेताओं ने बताया कि यदि साफ्टवेयर में सुधार कर एक ही बार फिंगरप्रिंट लेकर तीनों माह के राशन की वितरण की सुविधा दी जाती है तो काफी समय बचेगा। इससे हितग्राहियों को भी इंतजार करने से मुक्ति मिलेगी।



### नहीं हो रहा फिंगरप्रिंट मैच

पहले हितग्राही का फिंगरप्रिंट आधार से 25-30 प्रतिशत मैच करने पर साफ्टवेयर चावल वितरण को स्वीकृत कर देता था। अब अप्रैल माह में नई पॉश मशीन दी गई है। यह मशीन फिंगरप्रिंट का आधार से 60 प्रतिशत मैच होने पर चावल वितरण की स्वीकृति देती है। गांव में अधिकांश लोगों का फिंगरप्रिंट मैच नहीं हो रहा है जिसके चलते भी चावल वितरण में काफी समस्या आ रही है। फिंगरप्रिंट मैच नहीं होने पर ओटीपी के माध्यम से चावल वितरण किया जा सकता है, परंतु यहां भी अधिकांश लोगों का मोबाइल बदल गया है। इस आप्शन से भी चावल वितरण में परेशानी आ रही है।

### हितग्राही हो रहे परेशान

तीन माह की चावल वितरण प्रक्रिया काफी सुस्त है। सबसे ज्यादा परेशानी हितग्राहियों को उठानी पड़ रही है। पिछले दो दिन से चावल लेने के लिए राशन दुकानों में भीड़ जमा हो रही है। सेल्समेन सभी हितग्राहियों का राशनकार्ड जमा कर बारी- बारी से चावल दे रहे हैं। प्रक्रिया सुस्त होने के कारण हितग्राहियों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई हितग्राही तो सुबह से शाम तक चावल मिलने के इंतजार में राशन दुकानों में बैठे रहते हैं।

## पिकनिक मनाने माड़मसिल्ली गए लोगों पर मधुमक्खियों ने किया हमला

हमले में दर्जन भर से अधिक लोग हुए घायल, जिला अस्पताल में हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पिकनिक मनाने माड़मसिल्ली गए लोगों पर मधुमक्खियों के झुण्ड ने हमलाकर दिया। इस हमले में दर्जन भर से अधिक लोग घायल हुए है। इन सभी का जिला अस्पताल में उपचार किया गया।

अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार अधारी नवागांव निवासी एक परिवार बीते दिनों आटो में सवार होकर पिकनिक मनाने माड़मसिल्ली गया था। उनके साथ रायपुर के रिश्तेदार भी थे। सभी लोग माड़मसिल्ली पहुंच घूम रहे थे। इसी दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया। मधुमक्खियों को देख लोगों में अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह भागकर व छिपकर अपने आपको मधुमक्खियों से बचने का प्रयास कर रहे थे। वहीं नदी किनारे मछली पकड़ रहे मछुआरे भी अपनी तरफ मधुमक्खियों को आते देख बचने के लिए पानी में छलांग लगा दी।

इस घटना में आधारी नवागांव के महक कौसर 17 वर्ष, अयांक रजा 15 वर्ष, अहाना 12 वर्ष, इशरत अली 37 वर्ष, अबैद रजा 15 वर्ष, खालिद रजा 13 वर्ष, अमिरा जावेद, जियांश 3 वर्ष, मुस्कान 24 वर्ष, कंसिल 14 वर्ष, नूरबानो 57 वर्ष आमापारा, अलिना फातिमा 9 वर्ष सहित अहमीदा 37 वर्ष राजनांदगांव, अलिफा कौसर 38 वर्ष रायपुर व फलक फातिमा 13 वर्ष को मधुमक्खियों ने डंक मारा है। सभी लोग किसी तरह मधुमक्खियों से बचकर आटो में सवार होकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। इनके शरीर में चुभे मधुमक्खियों के डंक को बाहर निकाला गया। उपचार के बाद सभी लोग घर अधारी नवागांव लौट गए।




## गंदगी फैलाने वाले 6 दुकानदारों पर हुई कार्रवाई

■ नगर निगम की टीम ने 1400 रूपए का चालान काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की गई। नगर निगम की टीम ने शहर में गंदगी फैलाने वाले 6 दुकानदारों पर कुल 1400 रूपए का चालान काटा। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा 8 दुकानों की जांच की गई, जिसमें प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री पाई गई। कार्रवाई के दौरान लगभग 20 किलोग्राम झिल्ली, 1 किलोग्राम प्लास्टिक चम्मच और 1 किलोग्राम डिस्पोजल जब्त किया गया। यह प्लास्टिक वस्तुएं नगर निगम द्वारा प्रतिबंधित हैं क्योंकि ये पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं।



नगर निगम के अधिकारियों ने दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर और अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें। मौके पर शशांक मिश्रा, सुनील सालुंके, श्यामू सोना, बंशी दीप, शकील अहमद, पवन विश्वकर्मा, धनेश सिन्हा, मुकेश साहू, आतिश मिश्रा, गिरवर सिन्हा, शेषनारायण पटेल, सुरेंद्र सिन्हा, राजेंद्र नाग़, विक्की, वाहन चालक चतुरसिंह उपस्थित थे।

## शिक्षिका का युक्तियुक्तकरण नहीं करने की मांग



■ शकरवारा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम शकरवारा के ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला की शिक्षिका का युक्तियुक्तकरण नहीं करने की मांग की है। मंगलवार को ग्राम पंचायत मुड़पार के आश्रिम ग्राम शकरवारा के ग्रामीण रमोतिन, उर्मिला, शांति, नैनबाई, नीरा पाले, चंद्रकला कलेक्टर के समक्ष आवेदन कर कहा है कि प्राथमिक शाला शकरवारा में पदस्थ सहायक शिक्षिका श्रीमती कांति नेताम का शासन के नियम के तहत युक्तियुक्तकरण में नाम आया है। शिक्षिका स्कूल के बच्चों की अच्छी शिक्षा प्रदान कर रही है। युक्तियुक्तकरण से बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए उक्त शिक्षिका को शकरवारा स्कूल में यथावत रखने की मांग कलेक्टर से की है।

## लड़की पक्ष बाल विवाह पर अड़ा था, लड़के वालों ने मना किया

■ भखारा क्षेत्र में रुका बाल विवाह, चार माह बाद होगी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भखारा क्षेत्र के एक गांव में बाल विवाह की तैयारी थी। कल 5 जून को बारात आने वाली थी। इसकी खबर मिलते ही बाल संरक्षण इकाई शादी वाले घर में पहुंच गई। लड़की पक्ष को विवाह नहीं करने की समझाइश दी गई, लेकिन वे नहीं माने। बाद में लड़का पक्ष को भी वहां बुला लिया। पुलिस जवानों को बुलाया गया। स्थिति को देखते हुए लड़का पक्ष ने चार माह बाद शादी करने की सहमति दी।

महिला एवं बाल विकास विभाग की बाल संरक्षण इकाई को मंगलवार को सूचना मिली कि भखारा क्षेत्र के एक गांव में बाल विवाह की तैयारी चल रही है। विवाह के लिए 5 जून की तारीख तय की गई थी। सूचना मिलते ही आनंद पाठक जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन में जिलास्तरीय टीम गांव पहुंच गई। लड़की की उम्र तस्दीक करने के लिए मार्कशीट की मांग की। मार्कशीट में लड़की की जन्मतिथि 8 अक्टूबर 2007 थी। टीम ने जब उम्र की गणना की तो लड़की 18 वर्ष से कम की निकली। उल्लेखनीय है कि लड़की के माता पिता नहीं है। दादा और बड़े पिताजी शादी की तैयारी कर रहे थे। शादी कार्ड बंट चुके थे और विवाह की सारी तैयारी पूरी हो चुकी थी। टीम ने परिजनों एवं दादा और बड़े पिताजी को बाल विवाह कानून के बारे मे बताया, लेकिन तैयारी पूरी होने के कारण वे शादी रोकने को तैयार नहीं थे। इसके बाद वहां पर लड़का पक्ष को बुलाया गया। समझाइश के बाद सभी मान गए। और लड़की के बालिग होने पर ही विवाह करने ▶▶ शेष पेज 10 पर



## दलहन फसल हुई चौपट किसानों ने मांगी क्षतिपूर्ति राशि

■ भानपुरी के किसानों ने कलेक्टर को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रबी में दलहन की फसल उगाने वाले किसानों को असामयिक वर्षा से भारी नुकसान उठाना पड़ा है। मंगलवार को भानपुरी के किसानों ने कलेक्टर को आवेदन कर फसल क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की है।

ग्राम भानपुरी निवासी नारायण पिता स्व. कार्तिकराम साहू ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन कर कहा है कि भानपुरी खार में दो हेक्टेयर में उड़द की फसल लगाई है। असामयिक वर्षा से पूरी फसल चौपट हो गई है। इसी तरह भानपुरी के ही किसान फनेंद्र साहू पिता घनप्रताप साहू ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि तरसींवा खार में स्थित एक हेक्टयेर कृषि भूमि पर उड़द की फसल ली है। प्राकृतिक आपदा बारिश तथा चूहों से फसल पूरी तरह खराब हो गई है, जिससे उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा रहा है। उन्होंने दलहन फसल की क्षतिपूर्ति राशि दिलवाने की मांग कलेक्टर से की है।



## दिव्यांग शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण से मुक्त रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ रायपुर के प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित, महेश साहू कोषाध्यक्ष, आशीष शर्मा उपाध्यक्ष तथा घनश्याम सिंह साहू जिला अध्यक्ष ने शासन-प्रशासन से दिव्यांग अधिनियम 2016 को ध्यान में रखते हुए दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी को निकटस्थ संस्था में ही पंदाकन करने की मांग की है जिससे उन्हें मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। युक्तियुक्तकरण से दिव्यांग अधिकारी कर्मचारियों को पृथक रखा जाए। इस संबंध में विगत दिनों प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन भी सौंपा।


पुलिस की चालानी कार्रवाई से आक्रोश, सेंटर बंद करने की मांग

# चखना सेंटर से शराब पीकर वाहन से निकल रहे लोगों का पुलिस काट रही चालान, विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरकारी शराब दुकान व खोमचों से शराब सेवनकर अपने दोपहिया वाहन से घर लौट रहे बाइक चालकों का यातायात पुलिस हजारों रूपए का चालान काट रही है। इससे नाराज मदिराप्रेमी चालानी कार्रवाई को लेकर पुलिस से सवाल पूछ रहे हैं।

प्रदेश सरकार शहर व गांवों में देशी व अंग्रेजी शराब दुकानों का संचालन कर रही है। वहीं शराब खरीदने वालों को पीने की सुविधा देने के लिए मदिरा दुकान के आसपास बकायदा टेंडर निकालकर खोमचा की सुविधा दी है ताकि मदिराप्रेमी शराब दुकान से शराब खरीदकर खोमचा में आराम से उसका सेवन कर सके। यहां तक तो सब ठीक है लेकिन इन दिनों मदिराप्रेमी यातायात नियमों के दो पाट में पिस रहे हैं। शराब दुकान से शराब खरीदने के बाद वहीं पर स्थित खोमचा में उसका सेवन कर अपने दोपहिया वाहन को चलाते घर लौट रहे मदिरा प्रेमियों को कुछ दूर रास्ते में खड़ी यातायात पुलिस रोककर नशे की हालत में वाहन चलाते पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत हजारों रुपए का चालान काट रही है। कुछ इसी तरह का नजारा अंबेडकर चौक, रुद्री रोड, दानीटोला जैविक खाद स्थित शराब दुकान के रास्ते पर दिखा। सोमवार को शराब दुकान गए विवेक कुमार सहित कुछ अन्य मदिरा प्रेमियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि शराब सेवन कर वे बाइक से निकल रहे थे। इसी दौरान रूद्री रोड पर खड़ी यातायात पुलिस ने उन्हें रोककर जांच पश्चात नशे की हालत में वाहन चलाते पाए जाने पर दो हजार रुपए का चालान काट दिया।



इसी तरह बीते शनिवार को कोलियारी नहरपार शराब दुकान से शराब सेवन कर मुख्य मार्ग में बाइक के साथ खड़े मनोहर (बदला हुआ नाम) की यातायात पुलिस ने 10,000 की चालानी कार्रवाई कर प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश कर दिया। न्यायालय में जुर्माना जमा करने पर सोमवार को उसकी जप्त बाइक को छोड़ा गया। मदिरा प्रेमियों का कहना है कि शराब दुकान खोमचा भी सरकार चला रही है। शराब दुकान जाने कोई पैदल तो नहीं जाएगा। दोपहिया के माध्यम से दुकान पहुंच शराब खरीदकर उसका सेवनकर दोपहिया से वापस घर लौटना ही है जिस पर इस तरह की कार्रवाई समझ से परे है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**



## जिले को जल्द मिलेगी दो नई एम्बुलेंस

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में रेडक्रॉस प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत बहुमूल्य है, इसकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए मानव सेवा से जुड़ी गतिविधियों को और अधिक सशक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों तक समय पर सहायता पहुंचाना रेडक्रॉस का मुख्य उद्देश्य है और इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय से काम करना होगा। बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा भविष्य में स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान अभियान और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर योजना बनाई गई। बैठक में रेडक्रॉस समिति के सदस्यों ने जिले में रेडक्रॉस की सेवाओं को बेहतर करने एम्बुलेंस की मांग की। इस पर कलेक्टर ने तत्काल 2 एम्बुलेंस जीवन दीप समिति से खरीदी करने की बात कही। इनमें से एक एम्बुलेंस लाईव सपोर्ट एम्बुलेंस जिला अस्पताल और एक एम्बुलेंस जिला रेडक्रास सोसायटी को देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने रेडक्रॉस की सदस्यता अभियान को और अधिक व्यापक बनाने के भी निर्देश दिए। बैठक में चेयरमेन जिला रेडक्रॉस सोसायटी प्राप्ति वाशानी, वाईस चेयरमेन शिवा प्रधान, सचिव डॉ यू.एल. कौशिक, सिविल सर्जन डॉ टोण्डर, जिला संयोजक आकाशपुरी गोस्वामी के साथ समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

## लड़की पक्ष बाल विवाह पर अड़ा था, लड़का ...

हेतु वचन पत्र भरकर दिया। इस दौरान यशवंत बैस संरक्षण अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, प्रमोद अमृत विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग, श्रीमती मंजु साहू काउंसलर, सुश्री मनीषा निषाद चाइल्ड लाइन तथा भखारा थाना से हवलदार सिन्हा एवं आरक्षक समेत श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद, सरपंच ग्राम पंचायत मौजूद थे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती खेमीन साहू उम्र 52 वर्ष पति टेम लाल साहू रामपुर वार्ड बोड़रा, सम्बलपुर तह. व जिला-धमतरी (छ.ग.) की निवासी हूं।

यह कि मेरा नाम खेमीन साहू पति टेम लाल साहू के नाम पर बैंक खाता एवं परिचय पत्र में दर्ज है एवं मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम सुशीला साहू त्रुटिवश उल्लेखित हो गई है। जबकि मेरा वास्तविक एवं सही नाम खेमीन साहू है, जिसका उल्लेख मेरे परिचय पत्र, बैंक खाता में किया गया है। इस प्रकार खेमीन साहू एवं सुशीला बाई एक ही महिला अर्थात मेरा ही नाम है। मेरे द्वारा उपरोक्त दोनों नाम खेमीन साहू एवं सुशीला बाई एक ही महिला अर्थात मेरा ही नाम होने के समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय या अर्धशासकीय संस्था कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। सो सूचना जानें।

स्थान : धमतरी
दिनांक : 03.06.2025

**शपथकर्ती**
**खेमीन साहू**
**पति टेम लाल साहू**
**निवासी-रामपुर वार्ड बोड़रा, सम्बलपुर तह. व जिला-धमतरी (छ.ग.)**

### एफबी टाऊन कॉलोनी के लोगों ने प्रशासन से लगाई गुहार

# कॉलोनाइजर ने नहीं दी मूलभूत सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

एफबी टाऊन चर्रा कुरूद के प्लाट धारक एवं कॉलोनी निवासियों ने कालोनाइजर पर मूलभूत सुविधाएं प्रदान नहीं करने एवं 10 प्रतिशत बंधक प्लॉट को भी विक्रय किये जाने की शिकायत तहसीलदार दुर्गा साहू को ज्ञापन सौंपकर की है।

प्लाट धारक एवं कॉलोनी निवासी कृष्णकांत साहू, राजेश शर्मा, मनीष साहू, इमरान बेग, चोवालाल, गणेश यादव, पुराणिक साहू, जानसन सिंह, मिनेश चन्द्राकर, चन्द्रसेन ध्रुव, डिनेश साहू, मनोहर सेन, रेणुका साहू, राकेश साहू, महेश गंजीर ने बताया कि नेशनल हाईवे किनारे एफबी टाऊन कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं जैसे स्थायी बिजली, सड़क, नाली तथा बाउण्ड्रीवाल गार्डन आदि की सुविधाएं नहीं है। कालोनाइजर को बार-बार अवगत कराने तथा प्रशासन को निवेदन करने के बावजूद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है जिसके कारण निवासरत परिवारों को तथा भवन निर्माण करने वाले समस्त मध्यमवर्गीय परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि इस विषय पर सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर कालोनाइजर द्वारा 90 प्रतिशत तक का कार्य पूर्ण होना बताया गया है तथा 10 प्रतिशत कार्य के लिए बंधक प्लाट रखने की बात कही गई है, जबकि धरातल पर कुछ भी नहीं है। यहा तक की कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं के लिए छोड़े गये बंधक प्लाट की बिक्री होने की बात भी जानकारी में आ रही है।

राजस्व न्यायालय के एक पत्र अनुसार कुरूद तहसील अंतर्गत ग्राम चर्रा में स्थित कुल ख.नं. 15 रकबा 86840 वर्ग मीटर आवासीय परिवर्तित भूमि पर कॉलोनी विकास किए जाने हेतु छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत कालोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन तथा शर्तें नियम, 1999 के प्रावधान अनुसार अनुमति प्रदान की गई है। नियम 13 (1) के अनुसार कॉलोनी का आंतरिक विकास कार्य तीन वर्ष के भीतर पूर्ण करना अनिवार्य है। तहसीलदार, कुरूद द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन कमांक/563/तह./वाचक/2015 कुरूद, दिनांक 12/06/2015 के अनुसार 90 प्रतिशत विकास कार्य पूर्ण होना बताया गया है। प्लाटधारकों ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि कॉलोनी का विकास कार्य अभी तक नहीं करवाया है।



**आवेदकों ने प्रशासन से की ये मांग**

आवेदकों ने प्रशासन से स्थायी बिजली कनेक्शन हेतु सहायता प्रदान करने, बंधक प्लाट की वर्तमान स्थिति एवं कालोनाइजर द्वारा जमा सुरक्षा राशि का विवरण देने, सोशियल इन्फ्रास्ट्रक्चर हेतु छोड़ी गई भूमि की जानकारी देने, बंधक प्लाट की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की गुहार लगाई गई है।

## शराब का परिवहन करते दो पकड़ाए



**नगरी।** सिहावा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि शराब भट्ठी मोड़ के पास दो व्यक्ति बोलेरो वाहन में शराब परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर सिहावा पुलिस मौके पर पहुंची। बोलेरो वाहन क्र. सीजी 27 के 2553 को रोककर उसमें सवार चालक सहित दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की। इन्होंने अपना नाम रिंकू मरकाम पिता सहदेव मरकाम उम्र 25 वर्ष साकिन आमाडीह, थाना विश्रामपुरी, जिला कोंडागांव (छग) एवं आशाराम मरकाम पिता कज्जा मरकाम उम्र 24 वर्ष साकिन आमाडीह,थाना विश्रामपुरी,जिला कोंडागांव (छग) बताया। इनके कब्जे से 10 बॉटल फ्रंट लाइन अंग्रेजी शराब, 1-1 बॉटल में 750-750 एम एल भरी कुल 7 लीटर 500 एमएल कीमत 7,000 रूपये, घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन कीमत 5,00,000 रूपये कुल 5,07,000 रुपये जप्त किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

### गायत्री शक्तिपीठ में हुआ नारी जागरण सम्मेलन

# राष्ट्र के नव निर्माण में नारियों की महत्वपूर्ण भागीदारी : आदर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी







माताजी जन्म शताब्दी समारोह 2026 के पूर्व तैयारी के लिए नारी जागरण प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय जिलास्तरीय नारी जागरण सम्मेलन का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में किया गया, जिसमें धमतरी,कुरुद, मगरलोड, नगरी एवं भखारा ब्लाक की 300 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती आदर्श वर्मा जोन समन्वयक छग ने कहा कि हमारे देश की नारियां अगर अपने भीतर की योग्यता, क्षमता एवं प्रतिभा को पहचान कर देश के नवनिर्माण में जुट जाएं तो युग परिवर्तन अवश्य होगा। अब नारी शक्ति के जागरण का समय आ गया है। गायत्री शक्तिपीठ धमतरी की प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती खिलेश्वरी किरण ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर विकास एवं उन्नति का अवसर प्रदान किया जाय। स्वावलंबन के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाए। इस अवसर पर श्रीमती साधना देवांगन, ओमकुमारी कंवर, कविता डड़सेना, तेश्वरी साहू, चन्द्रवती साहू, बबीता साहू, दुर्गेश नंदिनी सिन्हा, लक्ष्मी साहू, अनुसुईया सिन्हा, चितरेखा साहू व पूर्व प्रबंध ट्रस्टी हरषद मेहता ने भी विचार रखे। सत संकल्प पाठ ट्रस्टी यशोदा साहू द्वारा एवं प्रज्ञा गीत शकुन कश्यप एवं सहयोगियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान महिलाओं को साड़ी भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ गामिनी साहू एवं श्रीमती नेहा सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती खिलेश्वरी किरण ने किया।

कार्यक्रम में बीएल वर्मा, दिलीप नाग, चेतन साहू, राजकुमार साहू, उगेश बंसोर, कौशल साहू, डॉ राम चन्द्र मेश्राम, लक्ष्मण यादव, विरेंद्र सिन्हा, तरुण साहू, पुरुषोत्तम निर्मलकर, प्रदीप देवांगन, गीतांजलि साहू, रेखराम साहू, तीरथ राम साहू, देवनारायण जैन, सुशीला छाटा, पुष्पा सिन्हा, रीता बाण्डे, बसंता निर्मलकर, पद्मनी साहू, संध्या साहू, सोहद्रा तारक, सविता साहू, नमिता देवांगन, रेखासिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# बच्चे शिविर में सीख रहे जीवन जीने की कला

- मुरा के साधना भवन में नवचेतना शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



ग्राम मुरा के साधना भवन में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था माध्यम से नवचेतना शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्राम के बच्चों व युवाओं को आसन, प्राणायाम, ध्यान तथा जीवन जीने की कला सिखायी जा रही है। प्रशिक्षक भारतराम साहू ने बताया कि श्वास तकनीक, ध्वनि विश्राम और ध्यान तकनीकों का उपयोग कर प्रतिभागियों को तनाव से निपटने और शांत रहने के तरीके सिखाए जाते हैं। यह शिविर प्रतिभागियों को अपनी क्षमता और ताकत पर विश्वास करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इसमें प्रतिभागियों को विभिन्न तकनीकों और उपकरणों के माध्यम से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। शिविर में अमित साहू, दीक्षांत साहू, अनुराग साहू, करुणा साहू, सुमन साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। किशोरी बालिकाओं व महिलाओं के लिए विशेष शिविर पोजेक्ट पवित्रा का आयोजन 5 जून से किया गया है। प्रशिक्षिका आर्ट ऑफ़ लिविंग की राष्ट्रीय प्रशिक्षिका रेणुका रावटे होंगी।

# विसंगतिपूर्ण अतिशेष सूची को निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

- ब्लॉक शिक्षक संघ ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



युक्तियुक्तकरण के तहत बीईओ कुरुद से जारी अतिशेष सूची को त्रुटि पूर्ण बताते हुए उक्त सूची को निरस्त करने शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष दयालुराम साहू की अगुवाई में ब्लॉक शिक्षक संघ ने तहसीलदार दुर्गा साहू को ज्ञापन सौंपा।

शिक्षकों ने बताया कि अतिशेष से बचने के लिए कई शिक्षक मई 2025 में दिव्यांग न रहते हुए दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाकर अतिशेष से बचे हैं जिसका परीक्षण बीईओ द्वारा नहीं किया गया है। माध्यमिक शाला में 2009 में जारी युक्तीयुक्तकरण के आदेश को न मानकर पूर्व आदेश के आधार पर अतिशेष की गणना की गई है, जो गलत है। बीईओ कुरुद से जारी अतिशेष सूची में कई गंभीर त्रुटि है। अतः अतिशेष सूची सुधारकर नई सूची जारी करें।

3 जून 2025 को प्रस्तावित काउंसिलिंग को स्थगित करने की मांग ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, सचिव अशोक कुमार साहू, लोमस साहू छग शिक्षक एसोसिएशन के अध्यक्ष, रामदयाल साहू जिला कोषाध्यक्ष, भेषज कुमार साहू, टोपेश कुमार साहू ने की है।

# प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को समय पर एवं गुणवत्तायुक्त पीएम आवास मिले : सीईओ

- ग्राम खम्हरिया में निर्माणाधीन आवासों का जनप्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



ग्राम पंचायत खम्हरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर जनहित से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ रोहित बोरझा, जनपद सदस्य क्षमा साहू, सरपंच संतराम नेताम, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं आवास इंजीनियर उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन आवासों की गुणवत्ता, प्रगति तथा लाभार्थियों को आ रही समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अनेक स्थानों पर निर्माण कार्य में सामग्री की अनुपलब्धता, तकनीकी मार्गदर्शन की कमी तथा भुगतान में विलंब जैसी समस्याएं सामने आईं। इन समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया गया। जनपद सीईओ ने स्पष्ट किया है कि आवास योजना के तहत प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर एवं गुणवत्ता युक्त आवास उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी मैदानी अमले को सतर्क एवं जिम्मेदार रहना होगा। उन्होंने आवास मित्र एवं रोजगार सहायक को निर्देशित किया कि लाभार्थियों को योजना की सभी जानकारी समय पर मिले और उनके आवेदन शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए।

जनपद सदस्य क्षमा साहू ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि वे योजनाओं के सही क्रियान्वयन पर सतत निगरानी रखें और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने में पूर्ण सहयोग करें। सरपंच संतराम नेताम ने गांव में हो रही समस्याओं की जानकारी विस्तार से अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की और उनके शीघ्र समाधान की अपेक्षा व्यक्त की।

# मोर गांव, मोर पानी महाअभियान पर बेलोरा में दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



ग्राम पंचायत बेलोरा में मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महात्मा गांधी नरेगा, छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायत तथा अन्य विभागीय योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से गांवों में जल संरक्षण सुनिश्चित करना है। मनरेगा योजना के तहत गुणवत्तापूर्ण जल संरक्षण, आजीविका संवर्धन और पर्यावरण स्थिरता के कार्यों को बढ़ावा देना है। जीआईएस तथा अन्य तकनीकों के उपयोग से बेहतर योजना बनाना और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। पंचायती राज के जनप्रतिनिधि, महिला संगठनों एवं कम्युनिटी कैडर की क्षमता निर्माण करना ताकि वे जल सुरक्षा और आजीविका से जुड़ी योजनाओं के निर्माण में नेतृत्व कर सकें। जनभागीदारी के माध्यम से अगले तीन वर्षों के लिए तकनीकी रूप से सुदृढ़ योजनाएं तैयार करनी है।

प्रशिक्षण में जनपद सदस्य श्रीमती दुर्गेश नंदनी समेत बेलोरा, मोहंदी, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, भोथा, लड़ेर, पहंदा, बोरसी, झाझरकेरा, बिरझुली, सोनपैरी, मड़ेली एवं पठार के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, बिहान अंतर्गत मोहंदी कलस्टर के ईसी सदस्यों की उपस्थिति रही।

### ब्रम्हाकुमारी संस्थान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हुई संगोष्ठी

# छग में हर वर्ष 1200 लोग मुख कैंसर से ग्रसित : डॉ. चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में राजयोगिनी भावना, बीके परमेश्वरी, डॉ. एम. चौधर , डॉ जीआर सोम सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

बीके भावना ने इस अवसर पर कहा कि इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस का थीम है अपील को उजागर करना जो स्वाद और पैकेजिंग में आने वाली तंबाकू के उत्पादों में छुपे हुए खतरों को सामने लाने पर केंद्रित है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस का मूल उद्देश्य तंबाकू के दुष्परिणामों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर जागरूकता लाना है। तंबाकू का दुष्परिणाम बहुत ही भयावह है। वर्तमान में बड़ी-बड़ी बीमारियों का एक मुख्य कारण तंबाकू का सेवन भी है।

डॉ एम चौधरी ने कहा कि इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य तंबाकू से होने वाली हानि को जन-जन तक पहुंचाना है। तंबाकू सेवन से मुख का कैंसर बहुत तेजी से फैल रहा है। छत्तीसगढ़ में प्रत्येक वर्ष 1200 लोग मुख के कैंसर से ग्रसित हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण तंबाकू का सेवन है।

डॉ सोम ने कहा कि तंबाकू से मुंह का कैंसर होने की संभावना 100 प्रतिशत होती है क्योंकि लोग तंबाकू को मुंह में दबाकर सो जाते हैं जिससे छाले पड़ते हैं जो कैंसर का मूल रूप ले लेता है। बीके भावना ने सभी को तंबाकू से मुक्ति के लिए प्रतिज्ञा करवाई एवं नारे लगवाए।


**Pride of Dhamtari**

॥ श्री शिवाय नमस्तुभ्यं ॥
नींव से निर्माण तक...
वास्तु एवं संरचना एसोसिएट्स
जय माँ चंडी कंसल्टेंसी एवं कंस्ट्रक्शन
Pro.- Er. Anurag Sahu
8839477281
9000051163
बिल्डिंग डिजाइनर, इंडस्ट्रियल एंड फाइनेंस हब, प्लानर, सर्वेयर (टोटल स्टेशन एवं डम्पी लेवल) फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे
False Ceiling & Wallpaper, Tiles & Putty Painting Sanitary, Flushed Door, Electric Fitting Plumbing, Modular Kitchen & Fabrication (Steel, Aluminium)

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### बुढहालपेन करसाड व मांदरी में शामिल होंगे सीएम साय



**दुर्गूकोंदल।** गोंडवाना समाज समन्वय समिति भानुप्रतापपुर के तत्वाधान में आज 4 एवं 5 जून 2025 को बुढहालपेन करसाड एवं मांदरी महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिला पंचायत सदस्य एवं गोंडवाना समाज समन्वय समिति के कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र टेकाम ने बताया कि गोंडवाना समाज समन्वय समिति भानुप्रतापपुर के सयुंक्त मेजबानी में दो दिवसीय बुढहालपेन करसाड एवं मांदरी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। इसके अलावा वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद कांकेर भोजराज नाग, अंतागढ विधायक विक्रम देव उसेन्डी, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मण्डावी, कांकेर विधायक आशाराम नेताम एवं अन्य अतिथि शामिल होंगे।

### कलेक्टर जनदर्शन में मिले 41 आवेदन




**कांकेर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर 41 आवेदन दिए। आवेदनों में पीएम आवास दिलाने, पेंशन दिलाने, अंत्योदय राशन कार्ड बनाने, कृषि भूमि का पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदान करने, प्रधानमंत्री आवास प्रदान करने, विद्युत लाइन बंद होने, भवन का किराया राशि दिलाने, शासकीय भूमि आरक्षित करने, कब्जा हटाने, गैस सिलेण्डर दिलाने, कृषि कार्य लिए रास्ता दिलाने, रिकार्ड दूरूस्त करने, शौचालय स्वीकृति करने, राशि दिलाने, त्रुटि सुधार करने जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

### संजय नगर में नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत संजयनगर में नाबालिग बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का अभी पता नहीं चल पाया है। संजय नगर कांकेर निवासी हेमंत नरेटी ने पुलिस को बताया कि डाली नेताम ने 2 जून को अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 33 वर्षीय सुषमा मंडल ने पेड़ पर साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पीव्ही 73 लक्ष्मीपुर निवासी प्रीतम मंडल ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने जाम पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है, फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### घर-घर जाकर बनाया जा रहा है वय वंदना कार्ड

**बीजापुर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ के चेलापति राव के मार्गदर्शन में नगर पंचायत भोपालपटनम में घर-घर जाकर वय वन्दना कार्ड बनाया गया। जिसमें शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत सभी वृद्ध व्यक्तियों को पांच लाख रुपये का नगद रहित उपचार की निशुल्क सुविधा किसी भी पंजीकृत शासकीय एवं निजी अस्पताल में है। जिसमे विशेष सहयोग वहां के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.चेलापति राव एवं आरएचओ लेष कुमार रजनीश एवं मितानीन पदमावती गावड़ी एवं मितानीन चित्रा गोटे तथा वासम विजयलक्ष्मी का था। जिसमें कुल 52 लोग बचे थे 16 का कार्ड बना, 15 की मृत्यु हो गई 2 लोग 70 वर्ष से कम है एवं 18 लोग शेष है।

---

कलेक्टर ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# वर्क प्लान बनाकर लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकारण करें : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



पिछले लगभग दो माह से चल रहे सुशासन तिहार की व्यस्तता के बाद कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्राथमिकता वाले विषय राजस्व प्रकरणों के निराकरण पर जोर दिया। कलेक्टर ने जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों को तेजी से निपटाने के लिए विशेष वर्क प्लान बनाकर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने त्रुटि सुधार के छोटे-छोटे प्रकरणों को दो से तीन सुनवाई के बाद निराकृत करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राजस्व रिकॉर्ड में नाम में त्रुटि, स्पेलिंग में त्रुटि, नंबर में त्रुटि, पता, छोटे-बड़े नाम जैसी त्रुटियां तहसील स्तर पर ही समय सीमा निर्धारित कर निराकृत करने को कहा। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के तहत अंतिम प्रकाशन के लिए प्रकरणों की जांच कर उन्हें पूरा करने 10 दिन की समय सीमा निर्धारित की। नामांतरण एवं बंटवारा के प्रकरणों को निर्धारित 76 दिनों में प्रक्रिया पूर्ण कर निराकृत करने के सख्त निर्देश दिए।

बैठक में श्री मिश्रा ने पीएम जनमन योजना के तहत सिंगपुर क्षेत्र में बन रहे आवासों की पहली किश्त जारी होने की जानकारी ली और अधिकारियों को इन आवासों का काम जल्द से जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मसानडबरा, पीपराहीभर्री में जनमन योजना के तहत किए जा रहे निर्माण कार्यों को भी शीघ्रता से पूरा कराने को कहा।

कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और उपकेन्द्रों में जरूरत के हिसाब से भवन मरम्मत के प्रस्ताव भी बनाकर शीघ्रता से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

श्री मिश्रा ने मगरलोड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में संस्थागत प्रसव और सीजेरियन प्रसव के लिए अतिरिक्त डॉक्टर की आवश्यकता अनुसार व्यवस्था करने के निर्देश भी सीएमएचओ डॉ. कौशिक को दिए। श्री मिश्रा ने चालू खरीफ मौसम में शुरूआती बारिश के बाद खेती की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में बीज-खाद का भण्डारण समितियों में सुनिश्चित करने के निर्देश कृषि और विपणन बोर्ड के अधिकारियों को दिए।

### शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर लगेगी रोक

कलेक्टर ने प्रतिबंधित समय में शहर की अंदर के सड़कों पर हाईवा, ट्रक जैसे भारी वाहनों की आवाजाही को रोकने के लिए जिला परिवहन अधिकारी को सख्त निर्देश दिए। शहर की सड़कों पर भारी वाहनों का आवागमन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक प्रतिबंधित है। शहर में भारी वाहन रात 10 बजे के बाद से सुबह 8 बजे के पहले तक ही आ सकते हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि भारी वाहनों को निर्धारित समय में ही शहर की सड़कों पर प्रवेश दिया जाए।

---

# जेजेएम ने बदली कमार बसाहट कल्लेमेटा की तस्वीर

- अब पानी लाने दूर-दूर नहीं जाना पड़ता, घर-घर पहुंच रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिले के वनांचल क्षेत्र में बसे विशेष पिछड़ी जनजाति के कमार परिवारों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत अब पीने और निस्तारी के लिए भरपूर पानी मिलने लगा है। जिले के कमार बसाहट कल्लेमेटा में रहने वाले लोगों को पीने की पानी की व्यवस्था के लिए अपने घरों से दूर जंगलों, तालाबों या पोखरों तक जाना पड़ता था। पानी के लिए दूर तक जाने में लगने वाले शारीरिक श्रम, गर्मी-बरसात-ठंड के मौसम में होने वाली असुविधाओं के साथ-साथ पोखरों-तालाबों-नालों के अशुद्ध पानी के कारण होने वाली बीमारियों से भी लोगों को जूझना पड़ता था।



तकनीकी टीम ने सर्वेक्षण कर गांव के पास एक भूजल स्त्रोत पाया। इस अभियान के तहत कल्लेमेटा में पीने का पानी घर-घर पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के तहत ओवरहेड पानी की टंकी का निर्माण किया गया और पूरे गांव में पाइपलाइन बिछाई गई। अब प्रत्येक घर में एक नल कनेक्शन है, जिसमें स्वच्छ पेयजल उनके दरवाजे तक पहुंच रहा है। इससे जलजनित बीमारियों की घटनाओं में कमी के कारण विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ। कल्लेमेटा के ग्रामीणों की पानी लाने के लिए दूर जंगलों में जाने की मजबूरी अब खत्म हो गई है। इससे उनका शारीरिक श्रम तो बचा ही है, इसके साथ ही आने-जाने में लगने वाले समय को वे अब वनोपज संग्रहण, घर-गृहस्थी संभालने, बच्चों की देखरेख आदि में लगा रहे हैं। कमारों के छोटे बच्चे भी बहुत खुश हैं। अब उन्हें पानी के लिए अपने स्कूलों की कक्षाओं को छोड़ना नहीं पड़ता है। गांव के युवा भी फील्ड टेस्ट किट का उपयोग करके पानी की गुणवत्ता की निगरानी में शामिल हैं, जिससे स्वामित्व और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा मिल रहा है।

---

अब तक लक्ष्य के 56 प्रतिशत खाद का भण्डारण हुआ, वितरण भी तेजी

# जिले में नहीं होगी खाद की कमी

**धमतरी।** चालू खरीफ मौसम में खेती-किसानी के लिए जिले के किसानों को किसी भी तरह से खाद की कमी नहीं होगी। जिले में अभी तक चालू खरीफ मौसम के लिए कुल निर्धारित लक्ष्य का लगभग 56 प्रतिशत खाद का भण्डारण कर लिया गया है। जिले में चालू खरीफ मौसम के लिए किसानों को 43 हजार मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रासायनिक उर्वरकों का भण्डारण लगातार क्रम में किया जा रहा है। पहले चरण में लगभग 20 हजार मीट्रिक टन खाद का भण्डारण प्राथमिक सहकारी समितियों में कर दिया गया है। समितियों से लगातार किसान बिना किसी परेशानी के रासायनिक उर्वरक प्राप्त कर रहे हैं। अभी भी लगभग 8 हजार मीट्रिक टन खाद प्राथमिक सहकारी समितियों और साढ़े 4 हजार मीट्रिक टन खाद डबल लॉक में उपलब्ध है। जिले के विपणन अधिकारी सुनील राजपूत ने बताया कि अगले तीन-चार दिनों में रायपुर और बालोद रेक पॉईंट से जिले में यूरिया, सुपर फास्फेट, एनपीके जैसी खादों का भण्डारण कर लिया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा भी जिले में खाद-बीज के भण्डारण और वितरण पर गहरी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने किसानों को समय पर पर्याप्त खाद और बीज उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को बीज-खाद की कमी जैसी स्थिति पर तत्काल सूचित करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि समय पर उच्चाधिकारियों से बात कर जिले में खाद-बीज की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। जिले की 74 प्राथमिक सहकारी समितियों में इस समय लगभग 20 हजार मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण किया जा चुका है। जिसमें यूरिया 9 हजार 267 मीट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट 3 हजार 570 मीट्रिक टन, डीएपी 3 हजार एक सौ मीट्रिक टन, म्यूरेट ऑफ पोटाश एक हजार 275 मीट्रिक टन, एनपीके 2 हजार 525 मीट्रिक टन शामिल हैं। जिले में किसानों द्वारा खाद के उठाव के बाद भी अभी 8 हजार 195 मीट्रिक टन खाद प्राथमिक सहकारी समितियों में शेष है। इसके साथ ही 4 हजार 500 मीट्रिक टन खाद डबल लॉक में भी उपलब्ध है, जिसे समय पर समितियों में भण्डारित किया जा रहा है। पूरे देश में डीएपी खाद की संभावित कमी को देखते हुए कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने डीएपी खाद के स्थान पर अन्य दूसरी खादों का उपयोग करने की सलाह किसानों को दी है। कृषि वैज्ञानिकों ने धान की जल्दी पकने वाली किस्मों के लिए डीएपी के स्थान पर 52 किलो यूरिया, एक सौ किलो सुपर फास्फेट और 13 किलो पोटाश मिलाकर एक एकड़ फसल में उपयोग करने की सलाह दी है।

---

# संविदा कर्मियों के साथ हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता जताई

- बिजली कर्मचारी संघ की बैठक में अनेक समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी




छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ शाखा धमतरी, कुरूद के पदाधिकारियों की बैठक पंचवटी कालोनी में हुई। बैठक में वरिष्ठ मार्गदर्शक श्रीकांत वेरुलकर, बीएल निर्मल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमाकांत साहू, कोषाध्यक्ष लालाराम साहू, पुनेसर दीवान, सचिव पीयूष सिन्हा, अध्यक्ष लालजी साहू सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

श्री वेरुलकर ने संविदा कर्मियों के साथ हो रही दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए कंपनी प्रबंधन की तकनीकी कर्मचारियों के प्रति लापरवाही एवं गैर जिम्मेदार रवैये को जिम्मेदार ठहराया। प्रबंधन के रवैये से आज कर्मचारी अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हुए काफी दबाव में काम कर रहे हैं जिसके कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। बैठक में जल्द ही स्थानीय समस्याओं के संबंध में कार्यपालन यंत्री से बैठक करने की सहमति बनी।

बैठक में श्रीकांत वेरुलकर का संघ की ओर से सम्मान किया गया। बैठक की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्षलाल साहू ने की। कार्यक्रम का संचालन संभागीय सचिव पीयूष सिन्हा ने किया।

---

# सहायक प्रोग्रामर को अधिकारियों के संरक्षण की शिकायत

- निजी खाते में मनरेगा राशि का आहरण करने का मामला
- आरटीआई कार्यकर्ता ने जिला स्तरीय टीम बनाकर जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

निजी खाते में मनरेगा राशि का आहरण करने वाले सहायक प्रोग्रामर को विभागीय संरक्षण देने का आरोप लगाया गया है। आरटीआई कार्यकर्ता मोहन पटेल ने कलेक्टर जनदर्शन में जिला स्तरीय टीम बनाकर इसकी जांच करने और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

ग्राम चर्रा निवासी आरटीआई कार्यकर्ता ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन कर कहा है कि जनपद पंचायत कुरूद में वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक मनरेगा शाखा में पदस्थ सहायक प्रोग्रामर ने तकनीकी सहायकों के वेतन के अतिरिक्त वेतन राशि मद से अपने निजी बैंक खाते में 23 लाख 92 हजार 980 रुपए का



आहरण किया। मामला उजागर होने पर सहायक प्रोग्रामर ने आहरण राशि को मनरेगा मद में जमा कर दिया। जनपद कुरूद के अधिकारियों ने जांचकर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया और जांच प्रतिवेदन में जांच अधिकारियों ने तकनीकी समस्या के कारण त्रुटि होने का उल्लेख किया।

आरटीआई कार्यकर्ता मोहन पटेल ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत कर कहा है कि जांच टीम ने भ्रामक जांचकर मामले को दबाने का प्रयास किया है। 3 साल से निजी खाते में आहरण होना भ्रष्टाचार को दर्शाता है। उन्होंने जिला स्तर पर संयुक्त टीम गठित कर दस्तावेजों की पुनः जांच करने की मांग करते हुए दोषियों पर एफआईआर तथा निलंबन की मांग की है। मामले की शिकायत मनरेगा आयुक्त मंत्रालय में भी की गई है।

---

# नशे से दूर रहने की सभी ने ली शपथ

- ब्रम्हाकुमारी संस्थान ने नशे से दूर रहने एवं जनजागृति के लिए निकाली मोटरसाइकिल रैली

**धमतरी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा विश्व तम्बाखू निषेध दिवस पर पर गांधी चौक मैदान एवं मकई चौक में नशे से दूर रहने एवं जनजागृति के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान आरक्षक अश्विन भूआर्य, चंद्रभागा साहू पार्षद, चन्द्रकला पटेल पूर्व अध्यक्ष महिला मोर्चा, सरिता दीदी, कामिनी कौशिक उपस्थित थे। सिविललाइन स्थित बीके सेवा केंद्र से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई जो रत्नाबंधा चौक से मकई चौक पहुंची। यहां सरिता दीदी ने नशा मुक्ति का सन्देश दिया। रैली मकई चौक से सदर होते हुए गांधी मैदान पहुंची। बीके सरिता ने कहा कि विश्व में हर साल 31 मई को विश्व तम्बाखू निषेध मनाया जाता है जिसका उद्देश्य लोगों को हानिकारक पदार्थों से बचाना एवं उससे दूर रहने के लिए जागरुक करना है।

---

# सिलौटी कॉलेज भवन निर्माण के लिए 4.59 करोड़ स्वीकृत

## हमने बनाया है हम ही संवारेंगे की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं विधायक

### भवन निर्माण के लिए निविदा आमंत्रण सूचना जारी

विधायक कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार नाबार्ड पोषित योजनांतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय सिलौटी में भवन निर्माण, जलप्रदाय सहित सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए लोकनिर्माण विभाग नवा रायपुर से 459.39 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति के साथ निविदा आमंत्रण की सूचना जारी हो गई है। जिसका टेंडर पूर्ण होने पर जल्द ही भवन निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं कॉलेज प्रबंधन से जुड़े लोगों ने विधायक श्री चंद्राकर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उनके गृह क्षेत्र में मिल रही है। अब स्वयं का भवन बन जाने से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ युवाओं का तीव्र विकास परिलक्षित होगा।

### क्षेत्रीय सुविधाओं के साथ सामाजिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध



विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि यह स्वीकृति न केवल भवन निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह क्षेत्र के युवाओं के भविष्य निर्माण में भी मील का पत्थर साबित होगा। ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, सामाजिक सशक्तिकरण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज भवन उच्च शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा होता है जो छात्रों को बेहतर शैक्षिक अनुभव, आधुनिक संसाधनों तक पहुंच और शिक्षकों को बेहतर तरीके से शिक्षण करने के अवसर प्रदान करेगा। जो अब बेहतर ढंग से संचालित होगा। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करता हूं।

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के सतत प्रयास और प्रदेश सरकार की शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप क्षेत्र में उच्च शिक्षा के मजबूतीकरण को अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। इसी कड़ी में पंढरीराव कृदत्त शासकीय महाविद्यालय सिलौटी के भवन निर्माण के लिए 4 करोड़ 59 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति के साथ टेंडर जारी हुआ है।




गौरतलब है कि क्षेत्रीय विधायक श्री चंद्राकर ने अपने मंत्रित्वकाल में ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को गांव के नजदीक ही उच्च शिक्षा दिलाने सिलौटी में महाविद्यालय की स्थापना कर माध्यमिक शाला भवन में इसका शुभारंभ किया था। स्वयं का कॉलेज भवन नहीं हो पाने से अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को शिक्षण कार्य को संपादित करने में अनेक प्रकार की भौतिक कठनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसके लिए विधायक चंद्राकर लगातार प्रयासरत थे किंतु सत्ता परिवर्तन हो जाने के बाद तत्कालीन राज्य सरकार ने कॉलेज भवन निर्माण को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जिसके चलते भवन निर्माण में 6 साल की देर हो गई। अब विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास और विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार की त्वरित निर्णय क्षमता के फलस्वरूप अब पूरा होने जा रहा है।

---

## 8 जून को जिलास्तरीय करियर काउंसिलिंग एवं मार्गदर्शन शिविर

# ब्राम्हणपारा एवं रामपुर वार्ड में धीवर समाज ने चुना पंच

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



धीवर समाज में संगठन को मजबूत बनाने के लिए धमतरी नगर के सभी वार्डों में पंच, युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ का चुनाव किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में ब्राह्मण पारा वार्ड के लिए पंचों का चुनाव हुआ। संतोष सार्वा, चंद्रशेखर हिरवानी और तीर्थराज फूटान सर्वसम्मति से पंच चुने गए। युवा प्रकोष्ठ में सुनील रिगरी एवं देवेश हिरवानी शामिल हैं। महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी जानकी सार्वा एवं मंजु रिगरी को दी गई।

रामपुर वार्ड में आयोजित बैठक में नरेश गुड्डू हिरवानी, पवन हिरवानी, मुकेश कोसरिया, शिव सारवा एवं प्रमोद मत्स्यपाल पंच चुने गए। युवा प्रकोष्ठ में सूरज हिरवानी, पुष्पेंद्र हिरवानी, राजा हिरवानी एवं खेमू हिरवानी सदस्य बनाए गए। महिला प्रकोष्ठ में श्रीमती भारती गुहा, ललिता हिरवानी, चंदा हिरवानी और दीया हिरवानी चुनी गई। इस अवसर पर धीवर समाज धमतरी के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान ने कहा कि वर्तमान में जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत बनाए जाने की आवश्यकता है इसीलिए समाज की सबसे अंतिम इकाई वार्ड स्तर पर प्रत्येक 10 घर पीछे एक पंच का चुनाव किया जा रहा है।

इसी क्रम में छात्र-छात्राओं में शिक्षा के प्रति रूझान बढ़ाने, उनके मन के डर को दूर करने एवं उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने 8 जून को धीवर समाज द्वारा जिला स्तरीय करियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देंगे। बैठक में नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, होरीलाल मत्स्यपाल, सोनू नाग, रामकृष्ण रिगरी, तीरथराज फूटान, ओमशंकर हिरवानी, गिरीश हिरवानी, बसंत फूटान, नरेश सोनवानी, बल्लू सपहा, शिव सपहा, सुखदेव सपहा, रामचंद्र फूटान, पवन हिरवानी, शिव हिरवानी, लक्ष्मी धीवर समेत अन्य मौजूद थे।

---

# महापौर ने किया भागीरथ सोनकर मार्ग का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

धमतरी की जमीन आज गौरव और श्रद्धा की साक्षी बनी, जब नगर के समर्पित समाजसेवी स्व. भागीरथी सोनकर की स्मृति में निर्मित एप्रोच रोड का नामकरण और लोकार्पण महापौर रामू रोहरा ने किया। यह मार्ग जो ठाकुर नर्सिंग होम से रामबाग बाजार तक जुड़ता है, अब भागीरथ सोनकर मार्ग के नाम से जाना जाएगा। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि आज का यह पल मेरे लिए केवल लोकार्पण नहीं, एक ऋणमुक्ति है। उस समाज के प्रति, जिसने मुझे सेवा का अवसर दिया। भागीरथी सोनकर का जीवन निःस्वार्थ सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल था। यह मार्ग आने वाली पीढ़ियों को सिखाएगा कि समाज के लिए जीना क्या होता है।

## खबर संक्षेप

### युक्तियुक्तकरण के लिए शिक्षकों की काउंसिलिंग आज

**धमतरी।** युक्तियुक्तकरण के लिए शिक्षकों की काउंसिलिंग 4 जून बुधवार को धमतरी के सेंट मेरी स्कूल में होगी। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों को उपस्थित होने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस काउंसिलिंग के माध्यम से जिले के 398 शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है। इसमें प्राथमिक शालाओं के 107, माध्यमिक शालाओं के 104 और हाईस्कूलों के 46 शिक्षक शामिल हैं। इसी काउंसिलिंग के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों के ई-संवर्ग के 141 शिक्षकों का भी युक्तियुक्तकरण होगा। इसमें नगरी क्षेत्र के 79 प्राइमरी स्कूलों के, 41 मिडिल स्कूलों के और 21 हाईस्कूलों के शिक्षक शामिल होंगे। यह काउंसिलिंग सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

- सुबह 10 बजे से सेंट मेरी स्कूल में होगी काउंसिलिंग

### जिला पंचायत एवं पीएमश्री नरहरदेव विद्यालय में आज होगी काउंसिलिंग

**कांकेर।** शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की सूची 3 जून को जारी किए जाने के बाद आज 4 जून की सुबह 9 बजे से शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उमावि नरहरदेव कांकेर तथा जिला पंचायत कांकेर के सभा कक्ष में काउंसिलिंग किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक एफ 2-24/2024/20-तीन, नवा रायपुर, 29 अप्रैल 2025 के तहत सर्व अतिशेष शिक्षकों को के युक्तियुक्तकरण किया जाना है। युक्तियुक्तकरण के लिए काउंसिलिंग 4 जून को सुबह 9 बजे से शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उ.मा.वि. नरहरदेव में कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा विकासखंड के सहायक शिक्षक एलबी, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, व्याख्याता वर्ग की और जिला पंचायत कांकेर के सभा कक्ष में कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापर, दुर्गकोंदल, अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा विकासखंड के प्रधानपाठक माध्यमिक शाला एवं शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला की काउंसिलिंग होगी।

### नदी में युवक के मौत पर जताया दुख

**बस्तर।** इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति जिला बस्तर को सूचनाओं के माध्यम से अवगत हुआ है कि रविवार को भोण्ड एनीकेट में नदी में पानी बढ़ने के कारण एक युवक की पानी में डुबने से मौत हुई है, इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति जिला बस्तर इस ह्रदय विदारक घटना की खेद व्यक्त करती हैं। बस्तर जल संसाधन विभाग के द्वारा इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति जिला बस्तर को नदी में पानी बढ़ने की कोई सूचना नहीं दी है, जिसके चलते इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा गाँव गाँव में नदी में सावधानी बरतनें के लिए सूचना नहीं किया गया है, ऐसी घटना से इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति जिला बस्तर पुनः खेद व्यक्त करती है। उक्त जानकारी अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप, इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति जिला बस्तर, सचिव, सुभाष कश्यप ने जानकारी

---

कम खर्च में उत्पादन अच्छा रहा, समर्थन मूल्य से नकदी रकम प्राप्त हुई

# चना फसल को लेकर अंचल के किसानों के चेहरे खिले, रबी में नहीं लेंगे धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

इस वर्ष रबी के सीजन में अंचल के किसान चना फसल लेकर काफी प्रसन्न दिखाई दिए। कम पानी और कम मेहनत से चने की उपज अच्छी हुई। 5500 रुपये समर्थन मूल्य में चना बेचकर नकदी रकम प्राप्त की। अंचल के कृषक माधव साहू, जीवराखन साहू, छबिलाल सोनकर, अगतूराम ध्रुव का कहना है कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य घोषित करने के बाद धान फसल का रकबा एकाएक घट गया। 90 प्रतिशत कृषकों ने अपने खेतों में चना, दलहन, तिलहन की फसल ली। सबसे ज्यादा चने की फसल ली गई। उपज भी अच्छी हुई। 5500 रुपये समर्थन मूल्य भी मिला।



#### अधिकतर किसानों ने चना फसल ली

कृषि उपसंचालक मोनेश साहू ने बताया कि शासन प्रशासन के आग्रह पर जिले के किसानों ने चना, दलहन, तिलहन की फसल लगाई थी। धान का रकबा घटा है। अच्छा उत्पादन होने से चने की नकदी रकम कृषकों को प्राप्त हुई। चना फसल लेकर कृषक काफी खुश है। अब हर वर्ष फसल चक्र अपनाने की बात कही है। श्री साहू ने बताया कि फसल चक्र अपनाने से मिट्टी उपजाऊ रहती है। दलहन तिलहन फसल में वैसे भी पानी की आवश्यकता कम रहती है।

#### मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बनी रहती है

कृषि वैज्ञानिक डा.शक्ति वर्मा ने बताया कि इस वर्ष जिले के 26,000 किसानों ने फसलचक्र अपनाया। फसल चक्र अपनाने से मिट्टी उपजाऊ रहती है। मिट्टी का कड़ापन खत्म हो जाता है। पानी अवशोषण की क्षमता बढ़ गई है। मकड़ी, लालकीड़ा, बंकी, चितरी, माहू जैसे जिद्दी कीड़े की समस्या खत्म हो जाती है। काई, शैवाल की मात्रा कम हो जाती है। मिट्टी की सरंचना यथावत रहती है। जमीन काफी उपजाऊ हो जाती है। खाद, पोटाश, डीएपी, कीटनाशक, पानी की मात्रा चना फसल में कम लगती है।

कृषक जागेश्वर साहू ने बताया कि उसने अपने तीन एकड़ खेत में चने की फसल लगाई थी। फल आने के बाद रखवाली की। पानी और रासायनिक दवाई, खाद का छिड़काव काफी कम मात्रा में किया। मौसम अनुकूल रहने से उत्पादन भी अच्छा रहा। 12 क्विंटल के एवरेज से तीन एकड़ में 36 क्विंटल चना उत्पादन हुआ। 5500 रूपए प्रति क्विंटल के भाव से उसे 1.98 लाख रुपए नकद प्राप्त हुआ जो धान फसल से ज्यादा फायदेमंद साबित हुआ। रकम को बैंक में सेव किया है। आवश्यकता पड़ने पर खर्च करेंगे। अब अपनी 5.50 एकड़ जमीन में हर वर्ष रबी सीजन में चना, दलहन, तिलहन की फसल लगाएंगे। एक अन्य कृषक विनोद साहू ने बताया कि सेंपल के दौर पर वे 75 डिसमिल जमीन में चने की फसल लगाई थी। कम मेहनत में 10 क्विंटल चना का उत्पादन हुआ। समर्थन मूल्य में बेचने पर 55 हजार का फायदा हुआ।

---

## आज आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दाई-बाबा दिवस मनेगा

- बुजुर्गों के रक्तचाप, रक्त शर्करा, मोतियाबिंद व हड्डियों की जांच होगी

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

प्रदेश में आम लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रत्येक बुधवार को होने वाले मेले के अंतर्गत 4 जून को दाई-बाबा दिवस का आयोजन किया जाएगा।

इसका उद्देश्य समुदाय स्तर पर बुजुर्गों के सम्मान व स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करना है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने प्रत्येक विकासखण्ड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर हेल्थ मेले के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने कहा है।

दाई-बाबा दिवस की थीम हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर रखी गई हैं। कार्यक्रम के दौरान सीएचओ, महिला एवं पुरूष स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मितानिन के सहयोग से बच्चों को प्रेरित किया जाएगा कि वे अपने दादा-दादी या नाना-नानी को लेकर स्वास्थ्य मेले में आएं।

आयोजन स्थल पर बुजुर्गों के अनुकूल सुविधाएं जैसे बैठक, छाया व पेयजल आदि की व्यवस्था रहेगी। इस दौरान बुजुर्गों के रक्तचाप, रक्त शर्करा, मोतियाबिंद व हड्डियों की जांच के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य व संज्ञानात्मक परीक्षण किया जाएगा।

प्रत्येक बुजुर्ग के लिए स्वास्थ्य कार्ड, जिसमें उनकी जांच रिपोर्ट, बीएमआई व सुझाव दर्ज होंगे। जिन बुजुर्गों के पास आयुष्मान कार्ड नही हैं, उन्हें कार्ड सत्यापन व रजिस्ट्रेशन काउंटर पर ले जाकर डिजिटल हेल्थ आईडी (आभा आईडी) से लिंक किया जाएगा।

---

## कुकरेजा बने चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स का धमतरी जिला अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा को घोषित किया गया है। यह घोषणा रायपुर में हुई।

इस दौरान कार्यप्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजा रोहरा समेत अन्य मौजूद थे। ज्ञात हो कि श्री कुकरेजा ने धमतरी शहर के लिए पूरे तन- मन से व्यापारियों को एकजुट करते हुए कार्य किया है। आज उसी का परिणाम है कि प्रदेश के व्यापारियों के सबसे बड़े संगठन छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने धमतरी चैंबर ऑफ कॉमर्स की टीम की जिम्मेदारी उन्हें दी है।

---

## सरकारी जमीन का हुआ निजीकरण

- शिकायत के साल भर बाद भी कोई कार्रवाई नहीं
- ग्रामीणों ने की हेराफेरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी



राजस्व रिकार्ड में हेराफेरी कर सरकारी जमीन को निजी जमीन बनाने का मामला सामने आया है। मामला मगरलोड ब्लाक के ग्राम नारधा का है। ग्राम के जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर हेराफेरी करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

जनपद पंचायत मगरलोड सभापति ग्राम पंचायत डुमरपाली सरपंच सहित अनेक ग्रामीण संख्या कलेक्टोरेट पहुंचे। ग्रामीण यक्षवल्लभ, परदेशी निषाद, ओमप्रकाश साहू, लालचंद साहू ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि डूमरपाली पंचायत के आश्रित ग्राम नारधा में शासकीय घास भूमि खसरा नंबर 643 रकबा 25.03 हेक्टेयर जमीन है। यह जमीन पुराना राजस्व रिकार्ड में खसरा नंबर 433/1 है। इस जमीन का उपयोग आम निस्तारी, मुक्तिधाम, पशु चारागाह एवं सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए होता है। उक्त जमीन की जानकारी निकालने पर पता चला कि 24 अगस्त 2022 को उपरोक्त घास भूमि खसरा नंबर 643 को बटांकित कर खसरा नंबर 643/2 रकबा 4.05 हेक्टेयर को कृषि भूमि बताकर एक व्यक्ति के नाम दर्ज कर दिया गया है और उस व्यक्ति के नाम पर ऋण पुस्तिका भी तैयार की गई है। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने 2 अप्रैल 2024 को कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी कुरूद, तहसीलदार मगरलोड को शिकायत आवेदन किया था। साल भर बीतने के बाद भी घास जमीन की हेराफेरी करने वालों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की है।

---

## आंगनबाड़ी केंद्र की कुपोषित बच्ची को लिया गोद



हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

सुंदरगंज वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र की कुपोषित बच्ची रूपल कौर को संतोष मिनी ने अपनी बहू विभा के बर्थडे के उपलक्ष्य में सुपोषण आहार देकर गोद लिया। इस दौरान वहां के बच्चों के लिए बाल्टी, मग, टावेल, नैपकिन, साबुन, बादाम, किशमिस, काजू, सोयाबीन बड़ी, मूंगफली ,चना, उड़द दाल, राहर दाल, तेल, कंघी, ब्रश, पेस्ट, बिस्किट समेत अन्य सामग्री दी गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुरजा निषाद, सहायिका संध्या शुक्ला समेत आंगनबाड़ी के बच्चे उपस्थित थे।

---

## नाटक गगन दा मामा बाज्यो को मिले सात राष्ट्रीय पुरस्कार

- शाश्वत उत्सर्ग यूथ थिएटर ग्रुप एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ने अपने अभिनय से छोड़ी अमिट छाप
- पुणे में 21वां राष्ट्रीय कल्चरल फॉर्म ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स 2025 का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी



अखिल भारतीय संस्कृतिक संघ पुणे में 21वां राष्ट्रीय कल्चरल फॉर्म ऑफ़ परफॉर्मिंग आर्ट्स 2025 का आयोजन 1 जून तक किया गया, जिसमें धमतरी की शाश्वत उत्सर्ग यूथ थिएटर ग्रुप एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ने पीयूष मिश्रा द्वारा लिखित नाटक गगन दा मामा बाज्यो की प्रस्तुति दी। इस नाटक में भारतीय इतिहास की सबसे प्रमुख घटना स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन का वर्णन है। इसका निर्देशन आकाश गिरी गोस्वामी, डिजाइन और तकनीकी मार्गदर्शन पी. एस. मलतियार ने किया जिसमें वैभव रणसिंह भगत सिंह, गौतम साहू सुखदेव, हरीश सिन्हा राजगुरु व मुईन, आकाश गिरी ने चंद्रशेखर आजाद, बिस्मिल बूढ़ा आदमी, अंग्रेज जज, सोहन साहू ने मारकंड द्विवेदी, अंग्रेज पुलिस, अब्दुल अजीज, सरकारी वकील, सुनील मैथ्यू ने किशन सिंह, दुष्यंत सिन्हा यशपाल और फनिंद्रनाथ घोष, आशीष साहू ने भगवती, फाल्गुनी ने विद्यावती, जान्हवी ने भगत की प्रेमिका के रूप में अपने सशक्त अभिनय से पात्रों को जीवंत करते हुए अमिट छाप छोड़ी। मंच सज्जा सोहनलाल साहू, संगीत संयोजन आशीष साहू, संगीत संचालन वैष्णवी साहू, रूप सज्जा गौतम साहू, वेशभूषा बसंत नामदेव एवं प्रकाश संचालन सुरेशदास मानिकपुरी और विरेंद्र कुंजाम ने किया। इस नाटक को सात राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

आकाशगिरी गोस्वामी को बेस्ट डायरेक्टर व बेस्ट एक्टर में प्रथम स्थान, गौतम साहू को बेस्ट एक्टर पर द्वितीय स्थान , वैभव रणसिंह को बेस्ट एक्टर पर तृतीय स्थान मिला। इसी प्रकार रेड क्रॉस के वालंटियर्स एवं काउंसलर ने एकल अभिनय के माध्यम से विभिन्न जन जागरूकता, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा मुद्दों को उठाया। एकल अभिनय के ओपन समूह में आकाश गिरी गोस्वामी को अंगदान महादान एवं मानवता के अभिनय के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सीनियर समूह में सुरेश दास मानिकपुरी ने मानसिक स्वास्थ्य एवं मां की भूमिका में प्रथम स्थान, दुष्यंत सिन्हा ने आत्महत्या रोकथाम में किसान की भूमिका के के लिए दूसरा स्थान और विरेंद्र कुंजाम युवा पीढ़ी के भटकाव एवं आत्मविश्वास से नया रास्ता को तृतीय स्थान प्राप्त प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर बी. एक्का, सीएमएचओ यूएल कौशिक, जिला रेडक्रॉस चेयरपर्सन प्राप्ति वाशानी वाइसपर्सन शिवा प्रधान, जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले, रंगकर्मी राजकुमार सिन्हा, सचिन सोनी, प्रशांत गिरी, लोकेश प्रजापति, चंद्रप्रकाश साहू, मनोज बंछोर, लक्ष्मी नारायण सिन्हा, डॉ. चन्द्रशेखर बांधे, गोपी कुर्रे, सोमनाथ साहू, पुष्कर चंद्राकर, दीया साहू, प्रियांशी मिश्रा ने हर्ष जताया है।

---

## काउंसिलिंग का बहिष्कार करेंगे शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

अब शिक्षक काउंसिलिंग का विरोध करेंगे। मंगलवार को उन्होंने गांधी मैदान में धरना देकर खूब नारेबाजी की। आज सेंट मेरी स्कूल में आयोजित काउंसिलिंग का वे बहिष्कार करेंगे। इसके बाद भी उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं तो वे आंदोलन को और ज्यादा उग्र रुप देने के लिए तैयारी कर रहे हैं।

स्कूल एवं शिक्षक युक्तियुक्तकरण में 2008 के सेटअप की अवहेलना करने एवं युक्तियुक्तकरण की त्रुटिपूर्ण नीतियों को लेकर शिक्षक साझा मंच के बैनरतले शिक्षकों का प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को शिक्षकों ने गांधी मैदान में प्रदर्शन किया और कलेक्टर को ज्ञापन प्रेषित किया।

शिक्षकों ने बताया कि सोमवार को शिक्षकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षाधिकारी से मुलाकात की। इसके बाद सूची में कुछ संशोधन किया गया लेकिन अभी तक कई त्रुटियां बाकी हैं। उन्होंने कहा कि जिले में कालखण्ड आधारित सूची जारी की गई है। उसे जिले के समस्त हॉयर सेकेण्डरी स्कूल में लागू किया जाए। माध्यमिक शाला में भी विषय आधारित शिक्षकों की भर्ती की । अतः माध्यमिक शाला की भी अतिशेष सूची कालखण्ड के आधार पर जारी की जाए। जिले में समस्त रिक्त पदों एवं रिक्त स्थान की सूची प्रकाशित की जाए।

---

## महापौर ने दुकानदारों एवं ग्राहकों को बांटे थैले



- इतवारी बाजार में प्लास्टिक आउट, फैब्रिक इन अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत प्लास्टिक आउट, फैब्रिक इन अभियान का आयोजन इतवारी बाजार में किया गया। इस अवसर पर नगर निगम द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने और कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने बाजार में भ्रमण कर दुकानदारों एवं ग्राहकों को प्लास्टिक थैलों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए थैला, झोला वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को प्लास्टिक की बजाय पुनः उपयोगी और पर्यावरण के अनुकूल फैब्रिक थैलों के प्रयोग के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही स्वच्छ और हरित भारत का सपना साकार हो सकता है।

---




213 करोड़ की सौगात मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने महापौर का किया सम्मान

# धमतरी की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी



धमतरी में इन दिनों सिर्फ एक ही चर्चा है विकास की बयार, जो नगर निगम के महापौर रामू रोहरा और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बह रही है। सुशासन तिहार के अंतिम दिन जब मुख्यमंत्री ने 213 करोड़ रुपये के बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों की घोषणा की, तो यह केवल घोषणा नहीं थी बल्कि यह धमतरी की वर्षों पुरानी प्रतीक्षा का सुखद अंत था।

इस सौगात के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और महापौर रामू रोहरा का आभार व्यक्त किया। नगर निगम सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं का उत्साह और जनता की उम्मीदें दोनों अपने चरम पर थीं। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे ने कहा कि भाजपा का नारा हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे अब केवल नारा नहीं, एक सच्चाई बन चुका है जिसे प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और धमतरी में रामू रोहरा चरितार्थ कर रहे हैं। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल ने कहा कि धमतरी ने विकास की जो राह वर्षों से देखी थी, उसे आज सांय-सांय पूरा करवाने का काम महापौर रामू रोहरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के साथ उनका समन्वय और नगर के प्रति उनकी जवाबदारी ने एक नई उम्मीद जगाई है। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय साहू, निगम सभापति कौशिल्या देवांगन, मुकेश शर्मा, नीतू त्रिवेदी, रीता बंजारे, गायत्री सोनी, अज्जु देशलहरे, अनिल तिवारी, गौरव मगर, राजीव चंद्राकर, कोमल देवांगन, दीप्ति जाधव, लोकेश टंडन, इंद्रजीत, राम सोनी, देवेन्द्र ध्रुवंशी, राकेश यादव, अखिलेश सोनकर, युगल किशोर यादव, विभा चंद्राकर, हिमानी साहू, भारती साहू, चंद्रभागा साहू, संजय देवांगन, कुलेश सोनी, युगलकिशोर यादव, तल्लीन पुरी गोस्वामी, देवेंद्र कंवर, सतीश पवार, चिराग आथा, सुमित त्रिवेदी, संतोष माडमे, दयाशंकर श्रीवास्तव, खिलेश कुंभकार, प्रमोद हिरवानी, सीमा चौबे, लता सोनी, रमशीला उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020